# ऑयल एंड नेचुरल गैस कॉरपोरेशन लिमिटेड

**विज्ञापन संख्या : 1/2017 (भर्ती एवं पदोन्नति) (गैर अधिकारियों हेतु) (दिल्ली और देहरादून हेतु)**

ऑनलाइन आवेदन दिनांक 30.01.2017 से 06.03.2017 को 1800 बजे तक ओएनजीसी की वेबसाइट www.ongcindia.com पर किया जा सकता है।

ऑयल एंड नेचुरल गैस कॉरपोरेशन लिमिटेड दिल्ली और देहरादून में ओएनजीसी के कार्यालयों के लिए निम्न वर्णित वेतन मान पर निम्नलिखित नियमित पदों के लिए इच्छुक उम्मीदवारों से ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित करता है ।

## ए. वेतनमान, परिलब्धियाँ और अन्य लाभ

| क्र.सं. | पद का स्तर | मूल वेतन मान | प्रति माह कुल अनुमानित परिलब्धियाँ |
|---|---|---|---|
| 1 | ए-2 स्तर | ₹ 12,000-27,000/- | ₹ 31,500/- प्रतिमाह + मकान किराया भत्ता तथा नियमानुसार अन्य लाभ |
| 2 | ए-1 स्तर | ₹ 11,000-24,000/- | ₹ 29,000/- प्रतिमाह + मकान किराया भत्ता तथा नियमानुसार अन्य लाभ |

## बी. पदों का विवरण और अनिवार्य अर्हता :-

**तालिका 1 देहरादून हेतु पद**

| क्र.सं. | स्तर | पद | अ.जा. | अ.ज.जा. | अ.पि. व. | अनारक्षित | कुल | दिव्यांगों के लिए चिह्नित पद | न्यूनतम अनिवार्य अर्हता |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 01 | ए-2 | सहायक तकनीशियन (इन्सट्रुमेंटेशन) | 0 | 0 | 0 | 2 | 2 | ओएल, एचएच | इंस्ट्रूमेंटेशन इंजीनियरिंग में 3 वर्ष का डिप्लोमा |
| 02 | ए-1 | कनिष्ठ सहायक तकनीशियन (विद्युत) | 0 | 0 | 0 | 2 | 2 | ओएल, एचएच | विज्ञान विषय के साथ हाई स्कूल या कक्षा X के समकक्ष बोर्ड परीक्षा तथा विद्युत पर्यवेक्षक के रूप में वैध दक्षता प्रमाण पत्र सहित इलैक्ट्रीशियन ट्रेड प्रमाणपत्र। |
| कुल | | | 0 | 0 | 0 | 4 | 4 | | |

**तालिका 2. दिल्ली के लिए पद**

| क्र.सं. | स्तर | पद | अ.जा. | अ.ज.जा. | अ.पि. व. | अनारक्षित | कुल | दिव्यांगों के लिए चिह्नित पद | न्यूनतम अनिवार्य अर्हता |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 01 | ए-1 | कनिष्ठ सहायक (लेखा) | 0 | 7 | 0 | 0 | 7 | ओए, ओएल, ओएएल, बीएल, एचएच, बी, एलवी | बी कॉम और टंकण स्पीड 30 शब्द प्रति मिनट तथा कार्यालय वातावरण में कंप्यूटर अनुप्रयोगों में न्यूनतम 06 माह का प्रमाण पत्र/ डिप्लोमा। टंकण परीक्षा लागू। |
| 02 | ए-1 | कनिष्ठ सहायक (कार्मिक एवं प्रशासन) | 0 | 2 | 0 | 0 | 2 | ओए, ओएल, ओएएल, बीएल, एचएच, बी, | स्नातक और टंकण स्पीड 30 शब्द प्रति मिनट तथा कार्यालय वातावरण में कंप्यूटर अनुप्रयोगों में |

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | | | एलवी | न्यूनतम 06 माह का प्रमाण पत्र/ डिप्लोमा। टंकण परीक्षा लागू। |
| 03 | ए-1 | कनिष्ठ सहायक(आशुलिपि-अंग्रेजी) | 0 | 2 (एक दृष्टि बाधितार्थ हेतु आरक्षित) * | 0 | 0 | 2 | ओए, ओएल, ओएएल, बीएल,बी, एलवी | स्नातक और टंकण स्पीड 30 शब्द प्रति मिनट एवं आशुलिपि में 80 शब्द प्रति मिनट तथा कार्यालय वातावरण में कंप्यूटर अनुप्रयोगों में न्यूनतम 06 माह का प्रमाण पत्र/ डिप्लोमा। टंकण तथा आशुलिपि की परीक्षा लागू। |

*** दृष्टिबाधितार्थ आरक्षित एक पद को भरने के लिए यह तीसरा प्रयास है। इसका विज्ञापन वर्ष 2015 और 2016 में पहले भी दिया जा चुका है। इसलिए यदि अनुसूचित जाति–दृष्टिबाधितार्थ श्रेणी का कोई दिव्यांग उम्मीदवार चयन हेतु उपलब्ध नहीं होता है, तो यह पद अनुसूचित जनजाति के अन्य चिह्नित अपंगता वाले/गैर दिव्यांग अनुसूचित जनजाति वर्ग के अभ्यर्थी द्वारा भर दी जाएगी। इस प्रकार अनुसूचित जनजाति का दिव्यांग/ गैर दिव्यांग उम्मीदवार तालिका 2 की क्रम संख्या 3 पर उपर्युक्त दर्शाए गए पद हेतु आवेदन कर सकते हैं।**

**प्रयुक्त संक्षिप्ताक्षर :** ओए-एक हाथ, ओएल-एक पैर, ओएएल-एक हाथ और एक पैर, बीएल-दोनों पैर, एचएच-बधिर,बी-नेत्र हीन, एलवी-अल्प दृष्टि।

**सी. उम्मीदवार के लिए नोट :**

i. **उपर्युक्त तालिका 1 में वर्णित देहरादून के पदों के लिए –** उम्मीदवार किसी भी आरक्षित वर्ग का होने के बावजूद उपर्युक्त पदों के लिए आवेदन कर सकता है। ये पद दिव्यांग/अनुसूचित जाति/ अनुसूचित जनजाति/अन्य पिछड़ा वर्ग **के** लिए **आरक्षित नहीं** हैं। आरक्षित व़र्ग से संबंधित या चिह्नित दिव्यांगता वाले उम्मीदवार भी उपरोक्त पदों के आवेदन कर सकते हैं। हालांकि सामान्य मानकों के अनुसार आयु (दिव्यांग उम्मीदवारों के लिए) को छोड़कर, जहां छूट सरकार द्वारा जारी निर्देश के अनुसार दी जाएगी, उन पर विचार किया जाएगा।

ii. **उपर्युक्त तालिका 2 में वर्णित दिल्ली के पदों के लिए: -** पद अनुसूचित जनजाति के उम्मीदवारों के लिए आरक्षित हैं और इसलिए इन्हें अनुसूचित जनजाति के उम्मीदवार ही आवेदन कर सकते हैं। ये पद पिछले वर्षों से रिक्त हैं।

iii. **उम्मीदवार एक पद के लिए और केवल एक ही स्थान के लिए आवेदन कर सकता है।**

iv. **उम्मीदवार के पास अनिवार्य निर्धारित अर्हता ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि को अथवा उससे पहले प्राप्त होनी चाहिए।**

v. उपरोक्त वर्णित पदों के लिए जहां योग्यता कार्यालय के वातावरण में कंप्यूटर अनुप्रयोग में 6 महीने की न्यूनतम अवधि का प्रमाण पत्र/डिप्लोमा निर्धारित है, वहाँ 6 महीने की न्यूनतम अवधि का प्रमाण पत्र/डिप्लोमा के स्थान पर बीसीए या एमसीए या कंप्यूटर विज्ञान/इंजीनियरिंग बी.टेक/बी.ई. को स्वीकार नहीं किया जाएगा। यहां तक कि यदि उम्मीदवार बीसीए में स्नातक है या कंप्यूटर विज्ञान/इंजीनियरिंग में बी.टेक./बी.ई. है, उसके लिए 6 महीने की न्यूनतम अवधि का अपेक्षित प्रमाण पत्र अनिवार्य **है।**

vi. **उम्मीदवार के पास अर्हता संबंधित सांविधिक निकायों द्वारा मान्यता प्राप्त होनी चाहिए।** ट्रेड प्रमाणपत्र अनिवार्य रूप से एनसीवीटी द्वारा जारी राष्ट्रीय ट्रेड प्रमाण पत्र (एनटीसी) होना चाहिए। दूरस्थ शिक्षा के माध्यम से प्राप्त अर्हता को भी स्वीकार किया जाएगा बशर्तें कि वह प्रासंगिक सांविधिक निकायों द्वारा मान्यता प्राप्त हो ।

vii. **जहाँ पदों के लिए इलेक्ट्रीशियन ट्रेड में ट्रेड प्रमाण पत्र निर्धारित अर्हता है, वहाँ पर वायरमैन ट्रेड प्रमाण पत्र स्वीकार्य नहीं होगा।**

viii. उम्मीदवारों के पास प्रत्येक पद के सामने वर्णित अनिवार्य योग्यता(एँ) होनी चाहिए जैसे कि जिन पदों के लिए इंजीनियरिंग में डिप्लोमा अनिवार्य अर्हता है, उन पदों हेतु इंजीनियरिंग में स्नातक/स्नातकोत्तर डिग्री जैसी उच्च शिक्षा प्राप्त उम्मीदवार पात्र नहीं होंगे। इसी प्रकार जहाँ पर ट्रेड प्रमाण पत्र अनिवार्य अर्हता है, परंतु उम्मीदवारों के पास ट्रेड प्रमाण पत्र नहीं है, भले ही वह इंजीनियरिंग में डिप्लोमा/डिग्री प्राप्त है, पात्र नहीं होंगे।

ix. **दिव्यांग व्यक्तियों के लिए,** दिव्यांगता का प्रमाण पत्र अधिसूचित चिकित्सा प्राधिकारी द्वारा जारी किया जाना चाहिए। किसी भी व्यक्ति को पात्र होने के लिए उसकी दिव्यांगता की न्यूनतम डिग्री हेतु रियायत/लाभ 40% होगा।

x. **भूतपूर्व सैनिक** उम्मीदवारों को कौशल परीक्षा के समय वैध अवमुक्ति (Discharge) प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना होगा।

xi. चयनित उम्मीदवारों की नियुक्ति **ओएनजीसी कर्मचारियों की चिकित्सा परीक्षा नियमावली,** 1996 के अधीन दिये गए मानकों के अनुसार **कंपनी की चिकित्सा परीक्षा उत्तीर्ण करने** पर ही की जाएगी। नियमों का विवरण ओएनजीसी की वेबसाईट www.ongcindia.com पर उपलब्ध है।

**डी. आयु :**

**आयु सीमा की अंतिम तिथि 06/03/2017 अर्थात ऑन लाइन आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथि होगी।**

| क्रम संख्या | स्तर | सामान्य | अनुसूचित जनजाति |
|---|---|---|---|
| 1. | ए 2 और ए 1 पदों के लिये | अधिकतम 30 वर्ष<br>न्यूनतम 18 वर्ष<br>(07/03/1987 और 07/03/1999 के बीच जन्म) | अधिकतम 35 वर्ष<br>न्यूनतम 18 वर्ष<br>((07/03/1982 और 07/03/1999 के बीच जन्म) |
| 2. | दिव्यांगों हेतु (ए 2 और ए 1 पद) | अधिकतम 40 वर्ष<br>न्यूनतम 18 वर्ष<br>(07/03/1977 और 07/03/1999 के बीच जन्म) | अधिकतम 45 वर्ष<br>न्यूनतम 18 वर्ष<br>(07/03/1972 और 07/03/1999 के बीच जन्म) |

**आयु में छूट**

**पूर्व सैनिक –** सशस्त्र बलों में सेवा की अवधि की सीमा तक तथा भारत सरकार के नियमों के अनुसार 03 वर्ष की छूट। दिव्यांग रक्षा सेवा कार्मिकों के लिए आयु सीमा में छूट सामान्य/अन्य पिछड़ा वर्ग के लिए 45 वर्ष तथा अनुसूचित जाति/ अनुसूचित जनजाति के लिए 50 वर्ष तक है।

ओएनजीसी विभागीय/नियतकालिक कर्मचारियों के लिए : ओएनजीसी में उनके द्वारा प्रदान की सेवा अवधि की सीमा तक।

**ई. जाति के मानदंड :**

**जाति मानदंड-** जो उम्मीदवार अनुसूचित जनजाति के अंतर्गत आरक्षण चाहते हैं, उन्हें अधिकृत प्राधिकारी से भारत सरकार के अधीन पदों पर नियुक्ति हेतु निर्धारित प्रपत्र में प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना होगा, जिसमें उम्मीदवार की जनजाति का स्पष्ट रूप से उल्लेख हो कि किस अधिनियम/आदेश के अंतर्गत उसे अनुसूचति जनजाति के रूप में मान्यता प्रदान की गई है। वे यह भी सुनिश्चित कर लें कि उनकी जाति/समुदाय का नाम और जाति/समुदाय प्रमाण पत्र में उसकी वर्तनी ठीक वही होनी चाहिए, जैसा कि समय-समय पर जारी भारत सरकार की अनुसूची में दिया गया हो। (अनुसूचित जनजाति हेतु उपजातियों की सूची साइट http://tribal.nic.in) पर उपलब्ध है। किसी भी प्रमाण पत्र में किसी भी जाति में कोई भिन्नता होने पर उसे स्वीकार नहीं किया जाएगा।

सार्वजनिक उपक्रमों में रोजगार हेतु अनुसूचित जाति/दिव्यांग उम्मीदवारों के लिए प्रमाण पत्र का निर्धारित प्रारूप आवेदन साइट से डाउनलोड किया जा सकता है।

उम्मीदवार द्वारा इस परीक्षा हेतु ऑनलाइन आवेदन में दर्शाये गए समुदाय में कोई परिवर्तन करने की अनुमति नहीं होगी।

**एफ. पात्रता मानदंड निर्धारण हेतु महत्वपूर्ण तिथियाँ**

| | |
|---|---|
| • आयु<br>• इस विज्ञापन के पैरा बी में वर्णित में न्यूनतम अनिवार्य अर्हता में शामिल हैं<br>i. कार्यालय वातावरण में कंप्यूटर अनुप्रयोग में 6 महीने की न्यूनतम अवधि का प्रमाण पत्र/डिप्लोमा (जहां लागू हो)<br>ii. विद्युत पर्यवेक्षक के रूप में दक्षता प्रमाण पत्र (जहां लागू हो) | **06.03.2016**<br>**(अर्थात ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि)** |
| • जाति/दिव्यांगता प्रमाण पत्र | • **अनुसूचित जनजाति के प्रमाण पत्र की वैधता की जांच ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि (06.03.2017) के अनुसार की जाएगी अर्थात यह दिनांक 06.03.2017 को अथवा उससे पूर्व जारी होना चाहिए तथा जाति/जनजाति अनुसूचित जनजातियों की सूची में दिनांक 06.03.2017 तक शामिल होनी चाहिए।**<br>• **दिव्यांगता प्रमाण पत्र की वैधता की जांच ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि (06.03.2017) के अनुसार की जाएगी अर्थात यह दिनांक 06.03.2017 को अथवा उससे पूर्व जारी होना चाहिए तथा दिव्यांगता 06.03.2017 से पहले की होनी चाहिए। इसके अलावा दिव्यांगता को उक्त तिथि से पहले चिह्नित/आरक्षित पदों के भाग के रूप में सूचीबद्ध होना चाहिए।** |

## एफ. महत्वपूर्ण तिथियां:

| | | |
|---|---|---|
| **1.** | **ऑनलाइन आवेदन प्रारंभ** | **30.01.2017** |
| **2.** | **ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि** | **06.03.2017, 1800 बजे** |
| **3.** | **लिखित परीक्षा की तारीख (अनुमानित)** | **02.04.2017 (रविवार)** |

## जी. आवेदन कैसे करें:

i. **पात्र उम्मीदवारों को ओएनजीसी की वेबसाइट www.ongcindia.com पर दिनांक 30.01.2017 से 06.03.2017 को 1800 बजे तक उपलब्ध लिंक के माध्यम से ही ऑन-लाइन आवेदन करना होगा। आवेदन का कोई अन्य माध्यम स्वीकार किया जाएगा।**

ii. **ऑनलाइन आवेदन प्रणाली ऑनलाइन आवेदन की साइट पर उपलब्ध होगी।**

iii. उम्मीदवारों के पास वेबसाइट पर पंजीकरण/आवेदन जमा करने से पूर्व निम्नलिखित होने चाहिए:

क) वैध ई-मेल आईडी (आवेदन की तिथि से 1 वर्ष की अवधि के लिए वैध होनी चाहिए)

ख) मोबाइल नंबर (जो न्यूनतम 1 वर्ष की अवधि के लिए सक्रिय और वैध होना चाहिए)

ग) उम्मीदवार की सफेद पृष्ठभूमि वाली नवीनतम रंगीन फोटो (20 केबी-70 केबी के आकार की **जेपीईजी/जेपीजी फ़ाइल)** तथा सफेद पृष्ठभूमि पर उम्मीदवार के हस्ताक्षर 10 केबी-20 केबी के आकार की **जेपीईजी/जेपीजी फ़ाइल)** की स्कैन प्रतिलिपि।

iv. **पंजीकरण शुल्क**

**क. पंजीकरण शुल्क -** सामान्य उम्मीदवारों के लिए ` **300/- पंजीकरण शुल्क के अतिरिक्त ` 20/- बैंक शुल्क के रूप में बैंक को देय होंगे। पंजीकरण शुल्क किसी भी स्थिति मे वापस नहीं किया जाएगा।**

**ख.** पंजीकरण शुल्क भारतीय स्टेट बैंक की किसी भी शाखा में **भारतीय स्टेट बैंक, तेल भवन, देहरादून में ओएनजीसी पावर ज्योति खाता संख्या 30827318409 में चालान फार्म के माध्यम से जमा किया जा सकता है। अन्य किसी प्रकार से किया गया भुगतान स्वीकार्य नहीं होगा।**

**ग.** ओएनजीसी के विभागीय उम्मीदवारों/नियतकालिक कर्मचारियों को भी चालान फार्म के माध्यम से अपेक्षित पंजीकरण/प्रोसेसिंग शुल्क जमा करना होगा। हालांकि, यह प्रतिपूर्ति योग्य होगा।

**घ. अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति/दिव्यांग/भूतपूर्व सैनिक उम्मीदवारों को किसी भी शुल्क का भुगतान करने के लिए छूट दी गई है।**

v. उम्मीदवार द्वारा उसके ऑनलाइन आवेदन प्रस्तुत करने के बाद कोई परिवर्तन करने की अनुमति नहीं दी जाएगी।

vi. उम्मीदवारों को केवल एक ही आवेदन जमा करने की सलाह दी जाती है। उम्मीदवार से एक से अधिक आवेदन प्राप्त होने पर सबसे बाद में किये गए आवेदन को ही अंतिम आवेदन माना जाएगा तथा शेष आवेदनों को अस्वीकार कर दिया जाएगा।

vii. उम्मीदवार भविष्य में संदर्भ के लिए अपने सिस्टम द्वारा जनित पंजीकरण स्लिप आदि की प्रतिलिपि रखें। उसके प्रिंट-आऊट के साथ कोई छेड़छाड़ नहीं की जाए। पंजीकरण स्लिप आदि की प्रतिलिपि सहित कोई भी कागजात ओएनजीसी को न भेजें, जब तक कि उन्हें मांगा नहीं जाए।

viii. **परीक्षा के बारे में समस्त जानकारी ओएनजीसी की वेबसाइट www.ongcindia.com पर उपलब्ध होगी। उम्मीदवार साइट से परीक्षा प्रवेश पत्र/कौशल परीक्षण आदि के लिए बुलावा पत्र डाउनलोड कर सकते हैं।** ओएनजीसी किसी अवैध या गलत ई-मेल आईडी/मोबाइल फोन के कारण भेजे गए ई-मेल/एसएमएस या स्पैम/थोक मेल फ़ोल्डर में गए ईमेल के कारण किसी भी नुकसान के लिए जिम्मेदार नहीं होगा।

## एच. चयन प्रक्रिया :

क. **लिखित परीक्षा और परीक्षा केंद्र: लिखित परीक्षा** की संभावित तिथि 02.04.2017 है तथा सभी पदों/स्तर के लिये परीक्षा दिल्ली (दिल्ली के पदों हेतु) और देहरादून (देहरादून के पदों हेतु) में आयोजित की जाएगी। *ओएनजीसी को अपनी इच्छानुसार उक्त वर्णित परीक्षा हेतु शहर के परिवर्तन करने का अधिकार होगा।*

ख. अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति/दिव्यांग उम्मीदवारों को जिनका पत्र व्यवहार का पता परीक्षा शहर के नगर निगम की सीमा से परे है, उन्हें लिखित परीक्षा में सम्मिलित होने के लिए पत्र व्यवहार के पते से लघुतम मार्ग से आने-जाने हेतु दूसरी श्रेणी के रेल/बस किराये की प्रतिपूर्ति की जाएगी।

## आई. लिखित परीक्षा का प्रारूप

| पद | विषय विशेष, डोमेन संबंधित | सामान्य बौद्धिक क्षमता और अभिरुचि |
|---|---|---|
| सहा. तकनीशियन (इंस्ट्रुमेंटैशन) और कनि. सहा. तकनीशियन (विद्युत) | **विषय पर आधारित 80 प्रश्न**<br>प्रश्न पद हेतु अपेक्षित योग्यता के अनुरूप होंगे, जहां इंजीनियरिंग में डिप्लोमा आवश्यक योग्यता है, वहाँ पर प्रश्न इंजीनियरिंग में डिप्लोमा के पाठ्यक्रम पर आधारित होंगे। कुल **80 अंक** | प्रश्न पारस्परिक कौशल /तार्किक कौशल/ विश्लेषणात्मक/बोधात्मक/ बेसिक संख्यात्मक कार्य और डाटा इंटरप्रिटेशन कौशल/सामान्य ज्ञान पर |
| कनि. सहायक (का. एवं प्र.) | 80 प्रश्न | |

| | | |
|---|---|---|
| | प्रश्न मुख्य रूप से पढ़ना, बोधात्मक, व्याकरण, लेखन आदि पर केंद्रित होंगे तथा इनमें एमएस ऑफिस पर आधारित प्रश्नों का मिश्रण शामिल होगा **कुल 80 अंक** | आधारित<br>**20 प्रश्न, 20 अंक** |
| **कनि. सहायक (आशुलिपि-अंग्रेजी)** | **80 प्रश्न**<br>प्रश्न मुख्य रूप से पढ़ना, बोधात्मक, व्याकरण, लेखन तथा आशुलिपि आदि पर केंद्रित होंगे तथा इनमें एमएस ऑफिस पर आधारित प्रश्नों का मिश्रण शामिल होगा **कुल 80 अंक** | |
| **कनि. सहायक (लेखा)** | **80 प्रश्न** एमएस ऑफिस पर आधारित प्रश्नों के मिश्रण सहित B.Com पर आधारित होंगे **कुल 80 अंक** | |

क. प्रश्न पत्र में बहुविकल्पीय प्रश्न होंगे और अवधि 02 घंटे होगी।

ख. लिखित परीक्षा में **कोई ऋणात्मक अंक नहीं होंगे।**

ग. प्रश्न पत्र द्विभाषी अर्थात हिन्दी और अंग्रेजी में होगा।

**जे. चयन मानदंड**

i. विभिन्न मापदंडों में निर्धारित वेटैज के आधार पर अंतिम वरीयता सूची निम्नानुसार तैयार की जाएगी :

| **क्र.सं** | **पद** | **मानदंड** |
|---|---|---|
| 1 | **सहा.तकनीशियन (इन्स्ट्रुमेंटेशन), कनि. सहा.तकनीशियन (विद्युत)** | i. लिखित परीक्षा - 85 अंक<br>ii. शैक्षिक प्रदर्शन - 10 अंक<br>(एनसीटीवीटी प्रमाणपत्र-1/ इंजीनियरिंग डिप्लोमा –ए2)<br>iii. अप्रेंटिस प्रमाणपत्र - 05 अंक<br>**कुल - 100 अंक** |
| 2 | **कनि. सहायक (का.एवं प्र.), कनि. सहायक (आशुलिपि-अंग्रेजी), कनि. सहायक (लेखा)** | i. लिखित परीक्षा - 85 अंक<br>ii. शैक्षिक प्रदर्शन - 15 अंक<br>(अर्हता परीक्षा में अंक के आधार पर)<br>**कुल - 100 अंक** |

ii. अर्हता परीक्षा में प्राप्त अंकों के आधार पर अकादमिक प्रदर्शन को वेटेज निम्नानुसार दी जाएगी:

| **क्र.सं.** | **पद** | **45% तक** | **45%** से अधिक तथा **55% तक** | **55% से अधिक** |
|---|---|---|---|---|
| 1 | **सहा.तकनीशियन (इन्स्ट्रुमेंटेशन), कनि. सहा.तकनीशियन (विद्युत)** | 03 | 06 | 10 |
| 2 | **कनि. सहायक (का.एवं प्र.), कनि. सहायक (आशुलिपि-अंग्रेजी), कनि. सहायक (लेखा)** | 05 | 10 | 15 |

iii. उम्मीदवारों की अर्हता संबंधित सांविधिक निकायों द्वारा अनुमोदित होनी चाहिए। पूर्व सैनिक उम्मीदवारों के लिए, अर्हता भारत सरकार द्वारा जारी निर्देशों के अनुसार लागू होगी । तथापि, उन्हें मुक्ति प्रमाण पत्र में स्पष्ट रूप से अर्हता समानता को दर्शाना होगा । ऐसी स्थिति में उन्हें अर्हता मानदंड के न्यूनतम अंक प्रदान किये जाएंगे । वास्तविक अर्हता प्राप्त होने की स्थित में उन्हें उपरोक्त तालिका (ii) के अनुसार अंक प्रदान किये जाएंगे ।

iv. उम्मीदवारों को ऑनलाइन आवेदन के समय अनिवार्य अर्हता में उनके विश्वविद्यालय/संस्थान के नियमानुसार प्राप्त किये गए अंक देने होंगे । अंक तालिका/डिग्री/प्रमाण पत्र में प्राप्त अंको का प्रतिशत स्पष्ट न होने पर उम्मीदवार द्वारा अनिवार्य अर्हता में उनके द्वारा प्राप्त अंक को स्पष्ट रूप से दर्शाते हुए संस्थान की ओर से जारी प्रमाणपत्र प्रस्तुत करना होगा। जहाँ पर संस्थान द्वारा अंको की प्रतिशतता अथवा सीजीपीए/डीजीपीए आदि को प्रतिशतता में परिवर्तित नहीं किया गया है, उम्मीदवार को इस आशय का संस्थान द्वारा प्रमाणित प्रमाणपत्र प्रस्तुत करना होगा । ऐसे मामले में, उम्मीदवार सीजीपीए/डीजीपीए को प्रतिशत में निम्नलिखित सूत्र के अनुसार परिवर्तित करेगा : प्राप्त सीजीपीए/कुल सीजीपीए आदि * 100 ।

v. पदों में एक से अधिक अनिवार्य योग्यता होने पर अकादमिक प्रदर्शन को महत्व निम्नानुसार दिया जाएगा:

क इंजीनियरिंग संवर्ग हेतु इंजीनियरिंग में ट्रेड प्रमाण पत्र/डिप्लोमा में प्राप्त अंकों के आधार पर, जैसा भी मामला हो ।

ख कनिष्ठ सहायक (का.एवं प्र.), कनिष्ठ सहायक (आशुलिपि-अंग्रेजी), कनिष्ठ सहायक (लेखा) जैसे पदों के लिए अकादमिक प्रदर्शन पर वेटेज स्नातक स्तर की योग्यता को दिया जाएगा ।

vi. उपर्युक्त (i) में वर्णित पदों के लिए जिन उम्मीदवारों के पास ट्रेड प्रमाण पत्र के साथ-साथ एनसीवीटी द्वारा जारी राष्ट्रीय शिक्षुता प्रमाण पत्र है अथवा इंजीनियरिंग में डिप्लोमा के साथ-साथ मानव संसाधन विकास मंत्रालय द्वारा जारी दक्षता प्रमाण पत्र है, उन्हें अतिरिक्त 5 अंक दिए जाएंगे।

vii. उम्मीदवार को पात्रता हेतु आगे विचार करने के लिए लिखित परीक्षा में न्यूनतम 40% अंक प्राप्त करने होंगे । ऐसे उम्मीदवारों को अकादमिक प्रदर्शन और शिक्षुता प्रमाणपत्र (जहां लागू हो) के अनुसार अंक प्रदान किये जाएंगे तथा आगे चयन के लिए निम्नलिखित हेतु 1:5 के अनुपात में विचार किया जाएगा

क कागजातों के सत्यापन और सूचीबद्धता अथवा

ख कौशल परीक्षा हेतु उन्हें बुलावा । यदि पर्याप्त संख्या में उम्मीदवार कौशल परीक्षा उत्तीर्ण नहीं करते हैं, तो कौशल परीक्षा हेतु और उम्मीदवारों को बुलाया जा सकता है ।

viii. अनुसूचित जनजाति/दिव्यांग उम्मीदवारों के लिए आरक्षित सभी रिक्त पदों को भरने के लिए सामान्य मानक के आधार पर यदि पर्याप्त संख्या में उम्मीदवार उपलब्ध नहीं हैं, तो ओएनजीसी उनके लिए आरक्षित शेष रिक्त पदों को भरने हेतु इस तरह के पदों के लिए अयोग्य नहीं पाये जाने पर मानकों में शिथिलता प्रदान करने पर विचार कर सकती है। ऐसे मामलों में, लिखित परीक्षा अंकों के मानकों को अधिकतम 5% तक शिथिल किया जा सकता है I अर्थात किसी भी दशा में 35% से कम अंक प्राप्त करने वाले किसी भी उम्मीदवार पर विचार नहीं किया जाएगा।

ix. अन्य उम्मीदवारों के साथ-साथ चयन होने पर ओएनजीसी के विभागीय उम्मीदवारों/नियतकालिक कर्मचारियों को प्राथमिकता प्रदान की जाएगी ।

x. जिन उम्मीदवारों को उपरोक्त(i) में दिये गए वेटेज के अनुसार अंक प्रदान किये जाएंगे, उनकी वरीयता सूची तैयार की जाएगी । उम्मीदवारों को संबंधित पदों में वरीयता सूची के अनुसार नियुक्ति पत्र जारी किये जाएंगे ।

xi. कौशल परीक्षा (टंकण परीक्षा, आशुलिपि परीक्षा) अर्हता परीक्षा है । अपेक्षित अर्हता मानदंड पूरा करने के अतिरिक्त उम्मीदवारों को प्रत्येक स्तर अर्थात लिखित परीक्षा, टंकण/ आशुलिपि परीक्षा (जहां लागू हो) को अलग से उत्तीर्ण करना आवश्यक है ।

## के. सामान्य निर्देश :

(क) सभी आवेदकों को संबंधित पद की अनिवार्य आवश्यकताओं, जो कि विज्ञापन में वर्णित हैं, को पूरा करना आवश्यक है । उन्हें आवेदन से पूर्व स्वयं को संतुष्ट करने के सलाह दी जाती है । योग्यता के संबंध में सलाह मांगने वाले को कोई जवाब

नहीं दिया जाएगा। परीक्षा के सभी चरणों में उनका प्रवेश विशुद्ध रूप से अनंतिम होगा। उम्मीदवार के लिए प्रवेश पत्र/कौशल परीक्षा हेतु बुलावा पत्र आदि भेजने का मतलब यह नहीं होगा कि उसका/उसकी उम्मीदवारी को ओएनजीसी द्वारा अंततः मंजूरी दे दी गई है। (ख) अनुसूचित जनजाति/दिव्यांग उम्मीदवारों के लिए उपलब्ध कराए गए आरक्षण विषय पर दिए गए निर्देशों के अनुसार है। (ग) आवेदक केवल ऑनलाइन आवेदन करें। मैन्युअल/कागज पर किये गए आवेदन पर विचार नहीं किया जाएगा। (घ) उम्मीदवार द्वारा उपलब्ध कराई गई जानकारी के आधार पर स्क्रीनिंग और चयन किया जाएगा; इसलिए यह अनिवार्य है कि आवेदक केवल सटीक, संपूर्ण और सही जानकारी दे। गलत/मिथ्या जानकारी देना अयोग्यता मानी जाएगी। इस प्रकार की गलत/असत्य जानकारी प्रस्तुत किये जाने के फलस्वरूप ओएनजीसी किसी भी परिणाम के लिए जिम्मेदार **नहीं** होगा। (ङ) यदि उम्मीदवार द्वारा उपलब्ध कराई गई जानकारी असत्य पायी जाती है या विज्ञापन में वर्णित पात्रता मानदंड के अनुरूप नहीं पायी जाती है, तो पंजीकृत आवेदक की उम्मीदवारी भर्ती प्रक्रिया के किसी भी स्तर पर अथवा नियुक्ति के किसी भी चरण या नियुक्ति के बाद या सेवा प्रारंभ करने के बाद भी अस्वीकृत की जा सकती है। (च) लिखित परीक्षा/कौशल परीक्षा के लिए बुलाये गए पात्र अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति/दिव्यांग उम्मीदवारों को रेल टिकट या बस टिकट प्रस्तुत करने पर लघुतम मार्ग का आने जाने का दूसरी श्रेणी के रेल/बस किराये की प्रतिपूर्ति की जाएगी (उम्मीदवारों द्वारा डाक **पते** से निकटतम परीक्षा शहर से इतर शहर चुनने पर यात्रा भत्ते **का भुगतान नहीं किया जाएगा)।** (छ) ऑनलाइन आवेदन में दिये गए पत्र व्यवहार के पते, परीक्षा केंद्र/श्रेणी/संवर्ग में परिवर्तन के आग्रह पर **विचार नहीं किया जाएगा। (ज) पंजीकरण पर्ची के प्रिंट आऊट के साथ छेड़छाड़ नहीं की जानी चाहिए। पंजीकरण पर्ची पर कोई** भी ओवरराइटिंग करने या पंजीकरण स्लिप में छेड़छाड़ करने वाले उम्मीदवार की उम्मीदवारी अस्वीकृत कर दी जाएगी। **(झ) उम्मीदवार पंजीकरण पर्ची की अपनी कॉपी/प्रवेश पत्र/ कौशल परीक्षण हेतु बुलावा पत्र आदि भविष्य में संदर्भ के लिए अपने पास सुरक्षित रखें। (ञ) सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम/सरकारी सेवा में सेवारत उम्मीदवारों को कौशल परीक्षण/नियुक्ति के समय अनापत्ति प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना होगा।** (ट) ओएनजीसी के विभागीय उम्मीदवारों को ऑनलाइन फार्म में उचित स्थान पर अपनी ओएनजीसी द्वारा प्रदत्त सीपीएफ संख्या को भरना होगा और ऐसा न करने पर वे ओएनजीसी से विभागीय उम्मीदवार के रुप में जांचे/विचार किये जाने के पात्र नहीं होंगे यह दोहराया जाता है कि पात्र नहीं होंगे। (ठ) किसी भी विवाद का निपटान नई दिल्ली न्यायालय के क्षेत्राधिकार के अधीन होगा।

## एल. सभी उम्मीदवारों को महत्वपूर्ण सूचना

चयन/भर्ती प्रक्रिया से संबंधित अधिकारियों से किसी प्रकार की सिफारिश या प्रभावित करने का प्रयास करने पर अभ्यर्थी को तत्काल अयोग्य घोषित किया जा सकता है। किसी विवाद की स्थिति में ओएनजीसी प्रबंधन का निर्णय अंतिम और सभी अभ्यर्थियों पर बाध्यकारी होगा।

उम्मीदवारों को यह भी सलाह दी जाती है कि किसी भी समाचार पत्र आदि में प्रकाशित अनधिकृत विज्ञापनों पर अपनी प्रतिक्रिया न दें। उम्मीदवार किसी भी विज्ञापन अथवा अधिसूचना की प्रामाणिकता की जाँच ओएनजीसी की वेबसाइट www.ongcindia.com पर कर सकते हैं।

**उप महाप्रबंधक (मानव संसाधन) -भर्ती**
**ओएनजीसी, तेल भवन, देहरादून**

**पंजीकरण/ऑनलाइन आवेदन केवल www.ongcindia.com पर उपलब्ध हैं।**

**किसी भी प्रकार के संशय की स्थिति में इस विज्ञापन का अँग्रेजी संस्करण ही मान्य होगा।**